>

Title: Issue regarding Panchayat Raj System in the country.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे अत्यंत लोक महत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया है। आज भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की आधारशिला थ्री टियर पंचायतीराज है। दुनिया में सबसे बेहतर प्रणाली, दुनिया में जनता के प्रति सबसे बेहतर जबावदेही अगर कहीं है, तो वह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चाहे वह लोकसभा के प्रतिनिधि के माध्यम से हो, चाहे विधान सभाओं के प्रतिनिधि के माध्यम से हो या गांवों की पंचायतों में उस पंचायत के चुने हुए प्रधान और मुखिया के माध्यम से हो।

अधिष्ठाता महोदय, मैं आपके माध्यम से इस प्रणाली को, क्योंकि इस देश में अस्सी प्रतिशत लोग गांवों में बसते हैं और गांवों में नुमाइंदगी करने के लिए ग्राम प्रधान चुना जाता है। उस प्रधान के ऊपर जो जबावदेही और जिम्मेदारी है, वह गांव के विकास के लिए चाहे आज केंद्र की जितनी भी योजनाएं हों, चाहे विकास की योजनाएं हों, उन योजनाओं की प्राथमिकताओं को केवल रेखांकित करने का काम नहीं करता है, बल्कि उन योजनाओं को क्रियान्वित करने का और वास्तविकता के धरातल पर उतारने का काम भी प्रधान करता है। विडम्बना यह है कि प्रधान को कोई अधिकार नहीं, प्रधान को कोई मानदेय नहीं,...(व्यवधान) शैलेन्द्र जी, उत्तर प्रदेश में प्रधानों ने अपने मानदेय या वेतन के लिए पिछले दिनों विधानसभा के सामने प्रदर्शन भी किया था और लाठी चार्ज भी हुआ था। यदि देश की सबसे बुनियादी इकाई अगर गांव प्रधान है और क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत पूरी एक न्याय पंचायत का व्यक्ति चुना जाता है। उस क्षेत्र पंचायत द्वारा कोई विकास के प्रस्ताव में सहभागिता नहीं होती है न उसका कोई उत्तरदायित्व होता है और उसे चुनने के बाद लगता है कि उसकी भूमिका क्या होगी, उसका उत्तरदायित्व क्या होगा, उसके संबंध भी आज तक परिभाषित नहीं किया गया है।

मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि ग्राम प्रधान को वेतन के रूप में कुछ भी दिया जाए और प्रधान के प्रति जो जिम्मेदारी ग्राम सचिवालय की है, उस ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों की जबावदेही भी हो। आज जिस तरीके से मनरेगा में यूसी, यूटिलाइजेशन सर्टीफिकेट की बात हो, सोशल आडिट...(व्यवधान) आज पंचायतीराज से जुड़े हुए लोगों को वेतन और भत्ता मिलना चाहिए। यह भत्ता केवल उन्हें नहीं मिलेगा, बल्कि हिंदुस्तान की उस पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत करेगा, भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करेगा। हमारे तमाम माननीय सदस्य इस बात से अपने को सम्बद्ध करना चाहते हैं। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MR. CHAIRMAN: Members who are interested to associate with the matter being raised by Shri Jagdambika Pal may send slips.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN :

S/Shri Ramashankar Rajbhar,

Ashok Kumar Rawat,

Shailendra Kumar,

Ravindra Kumar Pandey,

Ashok Argal,

P.L. Punia,

Gorakhnath Pandey and

J.M. Aaron Rashid are allowed to associate with the matter raised by Shri Jagdambika Pal.